HAMIRPUR POLICE

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना मझगवां पुलिस द्वारा मु0अ0 सं0 94/20 धारा 363/366 ipc 7/8 पोक्सो एक्ट व 3(2)5 sc/st एक्ट के वांछित अभियुक्त रवींद्र उर्फ कल्लू पुत्र मोहर सिंह को गिरफ्तार कर मान0 न्यायालय भेजा गया।

HAMIRPUR POLICE

मीटिंग

दिनाँक 15/09/2020 को पुलिस अधीक्षक श्री नरेंद्र कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन हमीरपुर में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/शाखा प्रभारियों की परिचयात्मक गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमे सभी से परिचय प्राप्त करते हुए थानों,शाखाओं की कार्यप्रणाली व जनपद के आपराधिक एवं भौगोलिक परिस्थितियों पर चर्चा की गयी इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु अपनी प्राथमिकताओं से सभी को अवगत कराया गया व महिला अपराध,जघन्य अपराध रोकथाम एवं जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने व जनता से मधुर व्यवहार करने पर जोर दिया गया।

HAMIRPUR POLICE

::बैंक चेकिंग एवं पैदल गश्त::

आज दिनाँक 16/09/2020 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा बैंक, एटीएम मे आने वालो को COVID-19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने की अपील की गई व क्रमबद्ध लाइन लगवाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाया गया साथ ही बैंक के अंदर-बाहर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई एवं सुरक्षा हेतु लगे हुए सीसीटीवी कैमरों/अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया व पैदल गश्त कर लोगों मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग के सम्बन्ध में जागरूक किया गया साथ ही अंतर्जनपदीय बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गयी।

HAMIRPUR POLICE

::एंटीरोमियों चेकिंग/जागरूकता अभियान::

आज दिनांक 16/09/2020 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में समस्त थानों की एंटीरोमियों टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बस अड्डा/सार्वजनिक स्थानों/प्रमुख चौराहों के आस-पास/देहात क्षेत्र में एंटीरोमियों चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान बिना वजह घूमने वाले लड़कों/शोहदों की चेकिंग की गयी साथ ही एंटीरोमियो टीमों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव/कस्बे एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं/छात्राओं से उनकी सुरक्षा के सम्बंध वार्ता की गई, कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत आमजन को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने/मास्क का उपयोग करने हेतु जागरुक किया गया, बालिकाओं/महिलाओं को उच्चाधिकारियों के मोबाईल नंबर से अवगत कराया गया।

HAMIRPUR POLICE

::पैदल गस्त/संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों व मास्क न लगाने वालों के विरुद्ध चेकिंग/जागरूकता अभियान::

दिनांक 15-09-2020 को सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत पुलिस बल के साथ बैरियर,पैट्रोल पम्प,अंतर्जनपदीय बॉर्डर, ग्राम एवं कस्बों में पैदल गस्त किया गया इस दौरान, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की व जनमानस को सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया साथ ही चेकिंग के दौरान बिना मास्क लगाए घूम रहे व्यक्तियों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान कुल 46 व्यक्ति बिना मास्क लगाए पाये गये। उपरोक्त के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 6,200/- रुपया शमन शुल्क वसूल किया गया एवं जनमानस को संक्रमण से बचाव हेतु मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग के प्रति जागरूक किया गया